हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 16 मई 2025

तापमान
अधिकतम 42.3 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

11 तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, शहीदों को किया नमन



12 जय ने एशिया चैंपियनशिप बॉक्सिंग में जीता गोल्ड



## खबर संक्षेप

### री-अपीयर व इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं 21 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीए-बीएड दूसरे सेमेस्टर की फुल, री-अपीयर व इंप्रूवमेंट, बी.कॉम पास व वोकेशनल के दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर व इंप्रूवमेंट, बी.वोक-रिटेल मैनेजमेंट, इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी, मार्केटिंग मैनेजमेंट एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, स्पोर्ट्स, न्यूट्रिशन एंड फिजियोथेरेपी के दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर व इंप्रूवमेंट, बी. कॉम आनर्स दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर व इंप्रूवमेंट, बीए दूसरे सेमेस्टर पास कोर्स की री-अपीयर व इंप्रूवमेंट, बैचलर ऑफ सोशल वर्क दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर व इंप्रूवमेंट, बीए आनर्स दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर व इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं 21 मई से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि उपरोक्त परीक्षाओं की डेटशीट विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### उपायुक्त ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह ने विभिन्न मामलों में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। सांईदास कॉलोनी में वाटर पाइप लाइन का कार्य पूर्ण होने तक कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत जिला नगर योजनाकार सुमनदीप को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। लाखनमाजरा उप तहसील के गांव खरैंटी की खेवट संख्या 37 मिन की कब्जा कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लाखनमाजरा के नायब तहसीलदार प्रदीप अहलावत को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है। अन्य कार्यों के लिए अधिकारी नियुक्त किए गए।

### सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने की आंगनबाड़ी केंद्रों पर छापेमारी

# नौनिहालों के स्वास्थ्य से खिलवाड़, आंगनबाड़ी केंद्रों में मिली 4000 एक्सपाइरी डेट की चॉकलेट

■ टीम ने चॉकलेट के सैंपल भरने के बाद मिट्टी में दबवाया, सप्लाई के खिलाफ कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिले में स्थित दो आंगनबाड़ी केंद्रों पर रेड की। जहां खाने के सामान की जांच की गई। जांच के दौरान पता चला कि जो चॉकलेट छोटे बच्चों को बांटने के लिए मंगवाई गई हैं, उनकी तारीख एक्सपायर हो चुकी है। इसके बाद चार हजार चॉकलेट को जब्त कर सैम्पल लिए गए और सभी चॉकलेट को मिट्टी में दबाया गया। पुलिस ने चॉकलेट सप्लायर के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मुख्यमन्त्री उड़नदस्ता और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र नजदीक सुनारियां चौंक व शौरा कोठी आंगनबाड़ी केन्द्र पर जांच के लिए पहुंची। चैकिंग के दौरान आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र नजदीक सुनारियां चौक से 6 पेटी चॉकलेट मार्का मिल्कबार की मिली। एक पेटी में 500 (कुल 3000) चॉकलेट थी। केंद्र की सुपरवाइजर सीमा ने बताया कि यह माल 28 अप्रैल 2025 को ठेकेदार अजमेर सैनी द्वारा भेजा गया है। पेटियों को खोलकर चेक करने पर चॉकलेटों पर समाप्ति तिथि 2 मई 2025 अंकित मिली। सुपरवाइजर ने बताया कि पेटियों पर समाप्ति तिथि अंकित नहीं होती है। इन पेटियों को उन द्वारा 3 मई को चैक करके समाप्ति तिथि की चॉकलेट प्राप्त होने के बारे में सीडीपीओ को नोट करवा दिया गया था। यह माल 3 माह के लिये माह जुलाई 2025 तक के लिये प्राप्त हुआ था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा 6 गत्ता पेटियों में चॉकलेट एक ही बैच की होने के कारण 1 सैम्पल लिया गया, जिसको मौके पर ही सील किया गया और सभी चॉकलेटों को मौका पर ही नष्ट करवाया गया। इसी तरह शौरा कोठी आंगनवाड़ी केन्द्र को चैक करने 2 पेटी चॉकलेट मार्का मिल्कबार की मिली। प्रत्येक पेटी में 500 (कुल 1000) चॉकलेट थी। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मीना ने बताया कि 28 अप्रैल 2025 को ठेकेदार अजमेर सैनी द्वारा कुल 54 पेटी चॉकलेट भेजी गई थी। 3 मई 2025 को पेटियों को खोलकर चैक करने पर उपरोक्त 2 पेटी चॉकलेटों पर समाप्ति तिथि 2 मई 2025 अंकित मिली। जिसकी जानकारी सीडीपीओ को दे दी गई थी।

■ अधिकारी बोले, सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे जाएंगे



रोहतक। आंगनबाड़ी केंद्र से मिली चॉकलेट।



रोहतक। चॉकलेट का सैंपल भरते अधिकारी।



रोहतक। चॉकलेट को नष्ट करती टीम।

### ये बोले अधिकारी

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दोनों आंगनवाड़ी केन्द्रों पर एक ही बैच की चॉकलेट होने के कारण सैम्पल नहीं लिया गया और चॉकलेटों को मौका पर ही नष्ट करवाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा सैम्पल को परीक्षण के लिए सम्बन्धित लैब में भेजा जाएगा। परीक्षण रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक की टक्कर से ऑटो पलटा, महिला की मौत



रोहतक। हादसे के बाद सोनीपत रोड पर लगी भीड़।

**रोहतक।** सोनीपत रोड पर बृहस्पतिवार को एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने ऑटो को टक्कर मार दी। बाइक की स्पीड इतनी ज्यादा तेज थी कि टक्कर लगते ही ऑटो सड़क पर पलट गई। तभी आसपास मौजूद लोग दौड़ते हुए आए और ऑटो को सीधा किया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि ऑटो चालक घायल है। महिला की पहचान सुखपुरा की रहने वाली शकुंतला देवी के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### डीआरडीए सभागार में दिया सरपंचों को प्रशिक्षण

**रोहतक।** जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक ने किया। तीन बैचों में 113 सरपंचों ने प्रशिक्षण ग्रहण किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच में 33 सरपंचों, द्वितीय व तृतीय बैच में 40-40 सरपंचों ने भाग लिया। प्रशिक्षण ग्रहण करने वाले सरपंचों में 30 सरपंच अनुसूचित जाति, 11 सरपंच पिछड़ा वर्ग तथा 72 सरपंच सामान्य वर्ग से है। अनुसूचित जाति के 18 पुरुष व 12 महिला सरपंचों, पिछड़ा वर्ग के 6 पुरुष व 5 महिला सरपंचों, सामान्य वर्ग के 40 पुरुष व 32 महिला सरपंचों ने प्रशिक्षण ग्रहण किया। प्रशिक्षण के दौरान सरपंचों को हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलो खेड़ी के प्रतिनिधियों डॉ. सतीश कुंडू सहित अन्य मौजूद रहे।

## शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारी वार्डों का दौरा करें : आयुक्त

**रोहतक।** नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने सफाई कार्य की समीक्षा के लिए सफाई शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान निर्देश दिए गए कि नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निगम का मुख्य उदेश्य आमजन को सुविधा प्रदान करना होता है जिसमें सफाई व्यवस्था प्राथमिकता होती है, इसलिए सफाई व्यवस्था में सुधार करें। सभी सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी अपने-अपने वार्डों में निरीक्षण करें, यदि कहीं पर गंदगी है तो उसे तुरंत उठवाया जाये तथा शहर में कूड़ा डलने वाले स्थानों की संख्या कम की जाए। इस कार्य को योजना के तहत किया जाए ताकि शहर में गंदगी के ढेर न रहे। निगम क्षेत्र में जनभागीदारी के तहत सफाई अभियान चलाए जाए जिसमें वार्ड सदस्यों का सहयोग भी लिया जाए। आयुक्त ने कूड़ा निस्तारण प्लांट का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि प्रत्येक घर से कूड़े का उठान सुनिश्चित किया जाए। आयुक्त ने आमजन से अपील की है कि यह शहर हमारा है तथा इसको साफ-सुथरा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए कोताही नहीं चलेगी।



## मदवि कर्मियों का शानदार प्रदर्शन, 11 मेडल जीते



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कर्मियों ने मैसूर के चामुंडी विहार स्टेडियम में हाल ही में सम्पन्न हुई 44वीं राष्ट्रीय वेटरन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 पदक प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में 3 रजत और 8 कांस्य पदक जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। एमडीयू कर्मी सुनील सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल किए। वहीं पंकज ने 2 कांस्य पदक, दलवीर ने 2 रजत पदक, अंशुल कुमार ने 1 कांस्य पदक, दिग्विजय सिंह ने 1 रजत पदक, अमरजीत ने 1 कांस्य पदक तथा राकेश शर्मा ने भी 1 कांस्य पदक अपने नाम किया। इस मौके पर कुलसचिव डा. कृष्णकांत, वित्त अधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे।



खबर संक्षेप



### चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर बचाई बच्चे की जान

**रोहतक।** एकता में बहुत बड़ा बल होता है और हम एक साथ मिलकर कोई कार्य करते हैं तो निश्चित रूप से हमारी जीत होती है, चाहे वह कोई भी क्षेत्र क्यों ना हो। पीजीआईएमएस के करीब आधा दर्जन विभागों ने आज यह दिखा दिया कि एक दूसरे के साथ मिलकर कार्य करने से वें मरीज को मौत से मुंह से बाहर निकाल सकते हैं। यह कहना है पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिज के निदेशक डॉ.एस के सिंघल का। पीजीआईएमएस में भर्ती तीन साल के मासूम का जीवन बचाने में कार्डियक सर्जरी विभाग, कार्डियक एनेस्थीसिया ,निश्चेतन विभाग, पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर, पीडियाट्रिक मेडिसिन विभाग व फिजियोथेरेपी विभाग के चिकित्सकों की टीम ने मिलकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदान कर इस बच्चे की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निदेशक ने कहा कि यह टीम वर्क का एक उत्कृष्ट उदाहरण है और सभी टीम सदस्य बधाई के पात्र हैं।



### लाखनमाजरा खंड में अंजलि ने रही प्रथम

**रोहतक।** लाखनमाजरा खंड की खण्ड शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने खरैंटी गांव स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम पर प्राचार्या सुनीता देशवाल तथा स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। खरैंटी स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने 12 वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। प्राचार्या सुनीता देशवाल ने बताया कि कक्षा में अंजलि गिल ने 91.7 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया ओर लाखनमाजरा ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हितांजलि ने 89.4 प्रतिशत और ईशा ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया।

12 पाठ्यक्रम अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए भी उपलब्ध

# एमडीयू: 17 स्नातक व एकीकृत पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन 19 मई से शुरू

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने किया औपचारिक विमोचन



**रोहतक।** प्रवेश विवरणिका (प्रॉस्पेक्टस) का औपचारिक विमोचन करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 12वीं के बाद संचालित होने वाले 17 स्नातक एवं पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रमों की प्रवेश विवरणिका (प्रॉस्पेक्टस) का औपचारिक विमोचन वीरवार को विश्वविद्यालय परिसर में किया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि एमडीयू राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, नवाचार युक्त एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनूप सिंह मान और कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत भी उपस्थित रहे। कुलपति ने प्रॉस्पेक्टस कमेटी के चेयरपर्सन और सदस्यों को उनके समर्पित कार्य के लिए बधाई दी। डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.एस मान, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, डीन फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ, निदेशक आईक्यूएसी प्रो. बी. नरसिम्हन, निदेशक जनसंपर्क प्रो. आशीष दहिया, निदेशक यूसीसी डॉ. जीपी सरोहा, उप कुलसचिव सुमित्रा गिरधर, सहायक कुलसचिव तेजपाल, अधीक्षक मोहन लाल, कुलपति कार्यालय से खैराती लाल और पीआरओ पंकज नैन उपस्थित रहे। शैक्षणिक मामलों के डीन प्रोफेसर अनूप सिंह मान ने बताया कि बी. टेक और बी. फार्मा कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन हरियाणा स्टेट टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी, पंचकूला के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। वहीं, आईटीईपी कार्यक्रमों का प्रवेश कार्यक्रम एनसीईटी-2025 के परिणाम घोषित होने के बाद अधिसूचित किया जाएगा। कार्यक्रमों की प्रवेश विवरणिका, संपूर्ण जानकारी और ऑनलाइन आवेदन लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### 1450 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ की जा रही

शैक्षणिक मामलों के डीन प्रोफेसर अनूप सिंह मान ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा कुल 17 कार्यक्रमों में लगभग 1450 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। इनमें से 12 कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए भी खुले हैं, जिनमें बैचलर ऑफ आर्ट्स (अंग्रेजी), बीए (आर्थिक विज्ञान), बीए (लोक प्रशासन), बीए (इतिहास), बीएससी (गणित), बीएससी (सांख्यिकी), बीएससी (जेनेटिक्स), बीएफए (चित्रकला), बीकॉम, बैचलर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज और बीएचएम शामिल हैं।

### प्रमुख तिथियां

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ | 19 मई 2025 |
| आवेदन की अंतिम तिथि | 2 जून 2025 |
| विदेशी छात्रों के लिए अंतिम तिथि | 13 जून 2025 |
| प्रवेश परीक्षाएं | 19 से 23 जून 2025 |
| परिणाम घोषित | 27 जून 2025 |
| पहली काउंसलिंग | 1 जुलाई 2025 |
| कक्षाएं आरंभ | 15 जुलाई 2025 |

### प्रमुख पाठ्यक्रम

4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम- बीसीए, बीबीए, बीकॉम, बीए (आर्थिक, अंग्रेजी, इतिहास, सार्वजनिक प्रशासन), बीएससी (गणित, सांख्यिकी, आनुवंशिकी, सार्वजनिक स्वास्थ्य), बीएफए (चित्रकला), पर्यटन और यात्रा प्रबंधन का स्नातक, होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी का स्नातक आदि।

### ये कोर्स करवाएं जाएंगे

- 5 वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम
- मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी
- पांच वर्षीय एलएलबी
- 4 वर्षीय शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी): बीए बीएड एवं बीकॉम बीएड जिनमें प्रवेश एनसीईटी-2025 के स्कोर के आधार पर होगा।
- गुरुग्राम स्थित एमडीयू-सीपीएएस में भी बीबीए, एवं पाँच वर्षीय एलएलबी कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

## जय नांदल ने एशिया चैंपियनशिप बॉक्सिंग में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



इंडस पब्लिक स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र जय नांदल ने गोआ में आयोजित एशिया चैंपियनशिप बॉक्सिंग में सब जूनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु व प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने माता-पिता व छात्र को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में अव्वल रहकर बॉक्सिंग में भी गोल्ड मेडल जीतना उनके दृढ़ संकल्प व आत्मविश्वास का ही परिणाम है, उन्होंने कहा कि अन्य छात्रों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए व पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए।

## बाबा मस्तनाथ विवि में शोध में गैर-संभाव्यता नमूनाकरण विषय पर व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के भौतिक विज्ञान विभाग (गणित) द्वारा शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय शोध में गैर-संभाव्यता नमूनाकरणः मुद्दे और चुनौतियां रहा, जिस पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों से आए शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शोधार्थियों को प्रायोगिक एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों से अवगत कराना रहा।इस अवसर पर भौतिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पल्लवी भारद्वाज, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विनोद भाटिया, प्रो. दिलीप कुमार, प्रो. परवीन भट्ट, प्रो. पूजा बुद्धिराजा, प्रो. कमल कुमार, डॉ. श्वेता शर्मा आदि उपस्थिति रहे।



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान को संबोधित करते हुए प्रोफेसर शशि बहल।



### शहीद सतपाल सिंह गिरोह राजकीय कन्या विद्यालय बोहर के 14 विद्यार्थियों ने मेरिट में बनाई जगह

**रोहतक।** शहीद सतपाल सिंह गिरोह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोहर का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा। प्राचार्या सुनीता ने बताया कि कुल 32 छात्राओं ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्राचार्या ने बताया कि 14 छात्राओं ने मेरिट में स्थान हासिल किया। वहीं 31 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। ईश्वर दत्त ने 92.1 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या सुनीता ने इस उपलब्धि के लिए स्टाफ सदस्यों को बधाई दी और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बेरी रोड स्थित मॉडल स्कूल सांपला का कक्षा दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा

**रोहतक।** बेरी रोड स्थित मॉडल स्कूल सांपला का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। अविशिका 95.8 प्रतिशत अंक हासिल कर दसवीं कक्षा की टॉपर बनीं। योगेंद्र ने 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। विनीता ने 93 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। भूमिका ने अंग्रेजी में 97 अंक, योगेन्द्र और विनीता ने हिंदी विषय में 92 अंक, गणित विषय में अविशिका ने 100 अंक, योगेंद्र ने विज्ञान विषय में 99 अंक, सामाजिक विज्ञान में अविशिका, योगेंद्र और देवराज राठी ने 97 अंक, कंप्यूटर विज्ञान में अविशिका, योगेंद्र और तान्या ने 100 अंक हासिल किए हैं। विद्यालय की प्राचार्या नोमिता बत्रा ने सभी सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी।





### उत्कृष्ट रहा शीतला पब्लिक स्कूल का दसवीं-बारहवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम

**महम।** सीबीएसई द्वारा घोषित 12 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शीतला पब्लिक स्कूल, लाखन माजरा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 33 विद्यार्थियों में से 17 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। बाक़ी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। कुमारी प्रज्ञा ने 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ साइंस में और कुमारी नोमिता ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ आर्ट संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मेरिट में आने वाले अन्य विद्यार्थियों में स्नेहा,खुशबू, रिया, खुशी, कोमल, रौनक, खुशी, नीलाक्षी, रितिका, नेहा, हिमांशी, हर्ष, विशु, चेतना, तथा महक शामिल हैं। संगीत कला में प्रज्ञा, नोमिता तथा कोमल ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। अर्थशास्त्र में नोमिता ने 100 में से 99 अंक प्राप्त किए हैं। राजनीति विज्ञान में कोमल तथा नोमिता ने 100 में से 98 अंक प्राप्त किए हैं।

## कक्षा 12वीं व 10वीं की बोर्ड परीक्षा में इन स्कूलों का परिमाण रहा शत प्रतिशत

### ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल



**रोहतक।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल का कक्षा 12वीं की तरह कक्षा 10वीं का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। अभिषेक (दत्तौड) ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में टॉप किया जबकि दीक्षा और गौरव ने क्रमश 93.2 प्रतिशत व 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा व तीसरा स्थान को प्राप्त किया। अंग्रेजी विषय में दीक्षा ने 96 प्रतिशत अंक लेकर पहला, डिंपल ने 95 प्रतिशत के साथ दूसरा और अभिषेक ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। निदेशक एएस कौशिक व सह निदेशिका संतोष कौशिक ने सभी विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त कर उतीर्ण होने पर बधाई दी। उप प्राचार्या तनु सचदेवा तथा हैड मिस्ट्रैस ज्योति ने विद्यार्थियों को इसी प्रकार आगे महेनत करने की प्रेरणा दी।

### ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल



**रोहतक।** ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल कारोर का सीबीएसई का बारहवीं कक्षा एवं दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। 12वीं कक्षा के 51 से 15 छात्रों ने मैरिट प्राप्त की तथा दसवीं में 48 में से 12 छात्रों ने शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया। 10 वीं में मन्नत भारद्वाज ने 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, हिमांशी ने 91 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व देवांश ने 90 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में हिमानी ने 93 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, हिमांशी ने 88 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और अंकिता ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिमानी, अंकिता, कशिश, तनिषा, आयुश, प्रिया, प्रतिभा, दक्ष, गौतम, युक्ति, रोहित, हिमांशी, मन्नत, हिमांशी, देवांश, मुस्कान, साधना, अंशु, भव्या, दीक्षा, हर्ष, मन्नत, तरुण का सम्मान किया गया। इनके साथ ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षण प्रतिभा पुरस्कार, रिजल्ट के आधार पर कॉमर्स अध्यापिका रसना को प्रदान किया गया। प्राचार्या ज्योति दलाल और संस्था के निदेशक शास्त्री ईश्वर सिंह मलिक ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### एमएस सरस्वती स्कूल



**रोहतक।** दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 12वीं विज्ञान संकाय में डिंपी 93 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम रही। वहीं परमजीत ने 82.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहे। कला संकाय में भव्या 91 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, काफी ने 90.4 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं 10वीं कक्षा में योगेश कुमार 93.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, शौर्य शर्मा ने 93.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और शगुन ने 91 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। छवि ने 90 प्रतिशत, अंकित ने 89 प्रतिशत, दीक्षा ने 86.4 प्रतिशत, श्री ने 85.6 प्रतिशत, प्राची ने 84.8 प्रतिशत, सोहम ने 84.8 प्रतिशत और तरुण ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय निदेशक हिमांक मित्तल व प्रधानाचार्या रितु ने सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। मैरिट हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया।

### सिनर्जी क्लासेज



**रोहतक।** सेक्टर 3 स्थित सिनर्जी क्लासेज के छात्रों ने 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान की 12वीं कक्षा की छात्रा उन्नति सक्सेना ने 98 प्रतिशत अंक लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। उन्नति ने दो विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। 10वीं कक्षा के छात्र विरेन ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विरेन ने गणित विषय में 97 अंक प्राप्त किये। 10वीं व 12वीं के सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा पास की। संस्थान का परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

### मॉडल स्कूल



**रोहतक।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा 10वीं व 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। छात्र राघव भाटिया ने दसवीं कक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। राघव ने गणित में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। छात्र ने परिवार संग केक काटकर खुशी मनाई व आशीर्वाद लिया। नाना गुलशन भाटिया, नानी नीलम भाटिया, पापा मम्मी व परिवार जनों ने छात्र की लंबी उम्र व तरक्की की कामना की।

### सेंट मैरी पब्लिक स्कूल

**रोहतक।** सेंट मैरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य रीमा मल्होत्रा ने बताया कि 10वीं में अनुष्का 92 प्रतिात अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। डिंपल ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा तान्या ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा सिमरन पंवार ने 87.4 प्रतिशत, हिमांशी ने 87.4 प्रतिशत, अंश पटेल ने 84.6 प्रतिशत, सिमरन पंचाल ने 83.7 और अनमोल ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया।

चर्चा

## सरकार-संगठन पदाधिकारियों ने राज्य स्तरीय समारोह को लेकर रोहतक में की बैठक

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली, डॉ अरविंद शर्मा, रामविलास शर्मा सहित वरिष्ठ नेताओं ने बैठक में की शिरकत

# सर्व समाज के साथ पहरावर में मनाया जाएगा प्रदेश स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव

*बैठक के बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर नेताओं ने लिया जायजा, जल्द तैयार होगी आगामी रूपरेखा*

*मुख्यमंत्री नायब सैनी होंगे मुख्य अतिथि, सर्व समाज के वरिष्ठ नेताओं को भी दिया जाएगा कार्यक्रम का न्योता*

*सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने किया दावा, कार्यक्रम में उमड़ेगा जनसमूह*



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ,पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स व पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा सरकार द्वारा सन्त-महापुरुष सम्मान व विचार प्रसार योजना के तहत आगामी 30 मई को रोहतक के पहरावर में राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर सरकार-संगठन स्तर पर पहली बैठक हुई, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व हरियाणा सरकार में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि जयंती समारोह भव्य और ऐतिहासिक होगा, जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से जनसमूह उमड़ेगा।

वीरवार बाद दोपहर सर्किट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा, भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, प्रदेश महामंत्री (संगठन) फणीन्द्र नाथ शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद जनरल डीपी वत्स, गौड़ ब्राह्मण डिग्री कालेज प्राचार्य डॉ जयपाल शर्मा समेत विभिन्न प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि रोहतक के पहरावर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा भगवान परशुराम जयंती के राज्य स्तरीय समारोह के लिए समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित जयंती समारोह का आयोजन सर्व समाज द्वारा किया जाएगा। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि जयंती समारोह को लेकर पहली बैठक में निर्धारित हुआ है कि कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए मिलकर काम किया जाए। इस कड़ी में अगली बैठक गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा परिसर में बुलाई जाएगी।

### कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं की चर्चा की

वीरवार शाम को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स व अन्य प्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार द्वारा गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा की पहरावर में दी गई जमीन का निरीक्षण किया। उन्होंने इस जमीन पर राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जयंती के पंडाल, मुख्य मंच, सन्त-महापुरुष मंच, विप्र समाज मंच, कलाकार मंच व आमजन के बैठने के लिए ब्लॉक्स, पीने के पानी व पार्किंग व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप



### सुखमणि साहिब के पाठ का हुआ आयोजन

**रोहतक।** टिकाना सत बाबा सावल शाह उदासीन आश्रम जगदीश कॉलोनी में गुरु अर्जुन देव महाराज का शहीदी पर्व मनाया गया। डेरे के संचालक संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया आश्रम में सुखमणि साहिब का पाठ हुआ। उसके बाद अरदास हुई, अरदास के बाद मीठी जल की छबील लगाई गई एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महक बावा, वीना, अनीला, अलका, रानी, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

### सीजेएम ने संस्थान का किया औचक निरीक्षण

रोहतक। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में प्राधिकरण की सचिव तथा सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने स्थानीय अर्पण संस्थान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में रह रहे बच्चों से बातचीत की तथा उन्हें प्राप्त हो रही सुविधाओं का जायजा लिया। सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने कहा कि जिला में छेड़छाड़ के विरुद्ध सम्मान उसकी गरिमा का जन जागरूकता अभियान इसी माह शुरू किया गया है।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**रोहतक।** इनर व्हील क्लब ब्लूमिंगडेल द्वारा जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित माता धन कुमारी अनाथ महिला आश्रम ग्राम लाहली में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने 134 अनाथ महिलाओं की नेत्र जांच उपरांत निशुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए चार महिलाओं को सफेद मोतिया से पीड़ित पाया गया एवं अन्य दो सभी को मेडिकल कॉलेज में आगामी उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया। इनर व्हील क्लब ब्लूमिंगडेल प्रधान डॉ पूजा शर्मा ने कहा कि हमें हर जरूरत मंद तक नेत्र सुविधा प्रदान करें करने के प्रयास में हैं। कैंप में प्रतिभा गोयल, राधिका बंसल, आकांक्षा बंसल आदि रहे।

## भाजपा नेता बोले, भारतीय सेना ने पाकिस्तान में सही ठिकानों पर चोट मारी

# रोहतक में निकाली गई तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, शहीदों को किया नमन

### तिरंगा यात्रा का मेडिकल मोड़ से हुआ शुभारंभ, जुटे भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी ने रोहतक लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सैनिकों के शौर्य के सम्मान में बृहस्पतिवार को तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमें राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, मेयर रामावतार वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, झज्जर के जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और सभी विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व सैनिकों के परिवारजनों, युवाओं और सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर भारी संख्या में भाग लिया। तिरंगा यात्रा मेडिकल मोड से चलकर डी पार्क, बजरंग भवन, अशोका पैलेस और मानसरोवर पार्क होते हुए सुभाष चौक पर पहुंची और भाजपा नेताओं ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। तिरंगा यात्रा के दौरान हर हाथ में तिरंगा और हर गली में जय हिंद, भारत माता की जय और प्रधानमंत्री मोदी जिंदाबाद जैसे नारों से गूंज उठी। भाजपा नेता ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने शानदार तरीके से पाकिस्तान में आतंकवाद के नौ ठिकानों को नष्ट किया और हमारी सेना ने सही निशाने पर चोट मारी।



रोहतक। तिरंगा यात्रा निकालते हुए राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा व अन्य।




रोहतक। तिरंगा यात्रा निकालते हुए पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व अन्य कार्यकर्ता।

### देश की सेना को सैल्यूट : मनीष ग्रोवर

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद भारत की सेना ने जिस रणनीति और सूझबूझ से पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी, वह काबिलेतारीफ है। सेना के जवानों की इस बहादुरी को हर भारतीय सैल्यूट करता है। मेक इन इंडिया के हथियारों ने विश्व में अपनी एक नई पहचान बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ तो उसे युद्ध समझ जाएगा और इसका करारा जवाब दिया जाएगा।

### ऑपरेशन सिंदूर सेना के पराक्रम और प्रधानमंत्री के मजबूत नेतृत्व का प्रतीक

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त और मजबूत हुआ है। अब भारत आतंकवादी हमले की निंदा नहीं करता बल्कि दुश्मन के घर में घूसकर मारने की हिम्मत रखता है।

यात्रा में पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा, युवा नेता नवीन ढुल, जिला कोषाध्यक्ष अमित बंसल, दिनेश कौशिक, बेरी से संजय कबलाना, जिला परिषद चेयरमैन मंजू हुड्डा, प्रदेश सचिव रेणु डाबला, महम विधानसभा प्रत्याशी दीपक निवास हुड्डा, पूर्व डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, भाजपा नेता देवराज सांपला, आनंद सागर, डॉ अशोक रंगा, महिला आयोग की पूर्व चेयरमैन प्रतिभा सुमन, चैयरमैन नीलम, पूर्व विधायक सरिता नारायण, अनीता बुधवार, सुषमा सरोहा, पार्षद डिंपल जैन, प्रवीण कौशिक, हरपाल नैन, अजय शर्मा, चैयरमैन हरीश कौशिक, सरदार कुलविंदर सिंह, अंकुश सांसी बिड्डू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने यात्रा में भाग लिया।



### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में हुई नृत्य प्रतियोगिता

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल विद्यालय में अंतर-जिला नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों ने शानदार उपलब्धियां हासिल की। तिशीका ने सोलो अंडर-16 श्रेणी में प्रथम स्थान, कोमल और दक्ष ने डुएट में तृतीय स्थान, अंशु ने सोलो-अंडर-12 श्रेणी में प्रथम स्थान, अनुज ने सोलो-अंडर-12 श्रेणी में द्वितीय स्थान, जियाना ने सोलो-अंडर-8 श्रेणी में प्रथम स्थान, तक्श्वी सोलो-अंडर-8 श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने नृत्य अध्यापिका रीतु को बधाई दी और सभी विजेता विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया।



रोहतक। ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में लोगों को संबोधित करते मेयर।

### अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश

**रोहतक।** ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड 20 में मेयर राम अवतार वाल्मीकि व पार्षद प्रवीण कौशिक ने जनता दरबार लगाया। जहां उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी। राम अवतार ने मौके पर अधिकारियों को बुलाकर उनको निर्देश दिए कि जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान किया जाए। मेयर ने कहा कि आम जनता की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रेजिडेंट वेलफेयर समिति के प्रधान जवाहरलाल खुराना, गजानंद बंसल, वेद प्रकाश बहल, सोमनाथ शर्मा, रोशन लाल जैन, ओपी शर्मा, दर्शन सचदेवा आदि उपस्थित रहे।

## 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे वन कर्मचारी: जोगेंद्र करौंथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा विनिवेशीकरण की नीतियों के तहत सार्वजनिक सेवा क्षेत्र को उजाड़ने के विरोध में 20 मई को केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी फेडरेशनों, बैंक, बीमा क्षेत्र के संगठनों द्वारा की जा रही हड़ताल में प्रदेश के वन कर्मचारी भी बढ़ चढ़कर भाग लेंगे।

वन कर्मचारी संघ के मुख्य सलाहकार जोगेन्द्र करौंथा, महासचिव विक्रांत सिंह, प्रेस सचिव आनंद शर्मा, सचिव अमित बुमराह ने बताया कि सार्वजानिक क्षेत्र राष्ट्र की सम्पत्ति है तथा प्रत्येक नागरिक का उसमें हिस्सा है, उस हिस्से को बेचकर, पट्टे पर देकर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के विरुद्ध निर्णय लेकर देश के नागरिकों को पेईंग गेस्ट बनाने की नीति पर बढ़ा जा रहा है। ऐसी नीतियां नागरिकों की देश भक्ति को कमजोर करने वाली सिद्ध होगी। करौंथा ने बताया कि श्रम कानूनों को तर्क संगत बनाने के नाम पर सामाजिक सुरक्षा कोड 2020 के नाम पर श्रमिकों के हितों के नाम पर मालिकों के हितों में बन जा रहा है। कर्मचारी नेता जोगेन्द्र करौंथा ने कहा है कि देश को आत्मनिर्भर बनाने वाली नीतियां अपनाकर मूलभूत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वस्थ पर्यावरण, बिजली, पानी, रोजगार व कृषि, विज्ञान, औद्योगिक व अन्य क्षेत्रों को बढ़ावा देकर सक्षम व सबल नागरिक बनाने की नीतियां अपनानी चाहिए।



### बायोटेक्नोलॉजी विषय पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी विभाग में विश्वविद्यालय स्वर्ण जयंती व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत- अनलॉकिंग द फ्यूचर: करियर पाथवे एंड ऑपर्च्युनिटीज इन मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी विषय पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में वक्ता विपुल शर्मा ने विद्यार्थियों को मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में मौजूद अपार अवसरों के बारे में बताया। सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. हरि मोहन ने कहा कि विद्यार्थियों के ज्ञान में अभिवृद्धि के लिए इस तरह के कार्यक्रम अहम हैं और भविष्य में इस तरह के लाभप्रद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिससे विद्यार्थियों को लाभ होगा।



महम। गवर्नमेंट कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते महम थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह।

### थाना प्रभारी ने बताए आपात स्थिति से निपटने के उपाय

**महम।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में महम थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने विद्यार्थियों को आपात स्थिति से निपटने के उपाय बताए। वे यहां एक सेमीनार को संबोधित कर रहे थे। इस सेमीनार में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इंस्पेक्टर सत्यपाल सिंह ने बताया कि युद्ध की स्थिति में अपना और अपने साथियों का बचाव कैसे करना है। इसमें यह भी बताया गया कि आस पास बमबारी होने पर बिना घबराहट फैलाएं कैसे परिस्थितियों को सम्भालना है। अगर बमबारी में कहीं आग लगी है या कोई घायल हो गया है तो सबसे पहले उनकी सहायता करके आग पर काबू पाना है। युद्ध एक बहुत ही विकट समस्या होती है। इस समय स्वयंसेवकों को बहुत ही समझदारी से कार्य करना चाहिए। युद्ध में शत्रु बड़े पैमाने पर अफवाहों को फैलाता है जिससे आम जन मानस में भय और नफरत फैल सकता है।



रोहतक। शिविर में रक्तदाता को सम्मानित करते हेल्थ विवि डॉ. एचके अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ सुरेश सिंघल, डॉ गजेंद्र, डॉ रागिनी व शाखा अध्यक्ष रमन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### भाविप के शिविर में 160 यूनिट रक्त एकत्रित

**रोहतक।** भारत विकास परिषद चैरिटेबल ट्रस्ट एवं रोहतक शाखा द्वारा चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी पंडित भगवत दयाल शर्मा इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पीजीआई के वाइस चांसलर डॉ. एचके अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ सुरेश सिंघल, डॉ गजेंद्र, डॉ रागिनी, रामअवतार गुप्ता, गीता आहूजा ने सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। शाखा अध्यक्ष रमन गुप्ता ने बताया कि शिविर में 160 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। जिला समन्वयक सुनील जैन ने 48वीं, पीजीआई के सुरक्षाकर्मी योगेश कौशिक ने 66वीं, अमित कुमार ने 45वीं, रमणीत सिंह ने 32वीं, सोनू ने 26वीं, शाखा सदस्य लोकेश जैन ने 25वीं बार रक्तदान किया।



### मुस्कान को कंप्यूटर क्विज प्रतियोगिता में तीसरा स्थान

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा की बीएससी द्वितीय वर्ष (नॉन-मेडिकल कंप्यूटर साइंस) की छात्रा मुस्कान ने राजकीय पीजी कॉलेज फॉर वूमेन में गत 7 मई को आयोजित अंतरमहाविद्यालय कंप्यूटर क्विज़ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में अनेक महाविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया और कंप्यूटर विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर आधारित प्रश्न पूछे गए। मुस्कान ने अपनी सूझबूझ और तकनीकी ज्ञान से प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान अर्जित किया।

**बेदखली सूचना**

मैं सुरेन्द्र पुत्र श्री रामफल निवासी सैम्पल तह0 कलानौर जिला रोहतक अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरी लड़की पायल मेरे कहे सुने से बाहर है। मैं इसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में कोई भी उससे लेन-देन करता है या उसके कोई भी कानूनी - गैर कानूनी कार्य की हमारी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### हाय हैंडसम नाटक का मंचन 18 को

**रोहतक।** सप्तक सांस्कृतिक संस्था ने भी अपने घर फूंक थिएटर सीरीज को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। 22 अप्रैल से जनता में व्याप्त रोष के चलते और फिर युद्ध के मद्देनजर सप्तक ने भी एक जिम्मेदार निभाई थी।

## श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल के नन्हे मुन्नों ने नृत्य से समां बांधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री बाबा मस्तनाथ विद्यालय में तृतीय और चतुर्थ कक्षा के विद्यार्थियों के लिए नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनमें सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति रुचि जगाने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शास्त्रीय, लोक एवं समकालीन नृत्य शैलियों में अपनी प्रस्तुति दी। छात्रों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और उन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।विद्यालय के निदेशक और प्राचार्या ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक, प्राचार्या और सभी शिक्षक उपस्थित रहे।



### एक सप्ताह के लिए लगाया जाएगा योगा कैम्प

रोहतक। अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की एक बैठक सरपंच वाली गली, सुखपुरा चैक स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई । बैठक में समिति द्वारा एक सप्ताह के लिये निशुल्क योगा कैम्प लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति के वार्षिक चुनाव करवाये गये, जिसमें सदस्यों ने प्रधान पद के लिये राम नारायण सैनी को निविरोध चुना। रामेश्वर सैनी को महासचिव, देवेन्द्र कुमार सैनी को उपप्रधान, बेनी प्रसाद माधव को सहसचिव, दयानंद शर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गए। बैठक में समिति के आजीवन सदस्य रणबीर सिंह आर्य पूर्व प्रधान, आदि रहे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
▸All Vaish School ▸Vedanta School ▸Shiksha Bharti ▸Scholar Rosary ▸St. Pall School ▸ZAD Global School ▸Model School ▸Shivalik School ▸DAV School ▸MRGS School ▸Baba Mast Nath School ▸GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299


मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

MAHENDRA MODEL SCHOOL
(Co- Educational, English Medium, CBSE Affiliated (530044)
Sector-3, Sonipat Road, Rohtak-124001, M.: 9254310771

Our Shining Stars - Class 12th



RITIKA 97.8% | ISHIKA 97.2% | JANVI 96.2% | KARTIK PORYA 94.4% | SANYAM 96.2% | VIDHI 91.8% | BHAWANA 89% | SHEJAL 89% | KARINA 87%



PARSHANT 86.2% | SALONI 85.6% | DRISHTI SINGH 84.8% | ISHITA KUMARI 83.6% | RAVI 83.4% | TARUN PAWAR 83.2% | LAVANYA GHANDI 82.4% | KIRAN 81% | GARIMA 80.8% | RITIKA 80.6%

Our Shining Stars - Class 10th



TARUN 95.8% | KHUSHI 93.6% | VIVEK 92.8% | AANSHIKA KAUSHIK 91.2% | DEVANSH 90.4% | MAYANK 90.4% | ANSHU 89.2% | KARTIK 85.2%



PRIYAL 84% | JANKI 82.6% | KHUSHI 82.2% | RIDHIMA 82% | DIKSHANT 81.6% | VANSHIKA 81.4% | VEDANSHI 80.8% | DAKSH 80.8% | ANIKET 80.4%

महेन्द्रा मॉडल स्कूल के 10वीं व 12वीं कक्षा के बच्चों ने रचा इतिहास

महेन्द्रा मॉडल स्कूल के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्रों ने एक बार फिर से इतिहास रच दिया है। स्कूल का परिणाम शत- प्रतिशत रहते हुए विद्यालय का नाम रोशन कर दिया, दसवीं कक्षा में चार बच्चों ने 90% से ऊपर 11 बच्चे 80% से ऊपर 19 बच्चे 70% से ऊपर अंक प्राप्त किए तथा कक्षा बारहवीं में 6 बच्चे 90% से ऊपर 13 बच्चे 80% से ऊपर तथा 19 बच्चे 70% से अधिक प्राप्त कर किए बारहवी कक्षा की छात्रा रितिका 97.8% विद्यालय की टोपर रही व कक्षा दसवी में तरुण कुमार 95.8% लेकर टॉपर रहा। विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम पर स्कूल प्रबंधिका श्रीमती रीता हुड्डा स्कूल निर्देशिका श्रीमती अनू चौधरी ने खुशी जाहिर करते हुए बच्चों के उज्जल भविष्य की शुभकामनाएं दी, इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक गण उपस्थित थे।





# SHRI BABA MASTNATH SR. SEC. PUBLIC SCHOOL

**Civil Road, Rohtak** (CBSE Affi. No. 530090)

Profile of a winning team - They have winning attitude, they keep improving, they make teammates more successful

*Congratulations to Stars, Parents & Teachers for Marvellous Result in CBSE Class X & XII Examination 2025*

Brahmleen Mahant Shri Chand Nath Ji Yogi Founder

Mahant Shri Balak Nath Ji Yogi Hon'ble President Shri Baba Mastnath Group of Institutions Asthal Bohar, Rohtak

सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ जी महाराज

## SHINING STARS CLASS XII

RIJU BANSAL 97.6% | GARV 96.6% | GARVIT BHATIA 96.6% | PARI 96.2% | SANYA 96% | CHEHAK GUPTA 95% | DEEPANSHI 94.4% | OJAL 94.2% | PRATIK 93.6% | TUSHAR SINGH 93.6%

GARVIT 93.6% | REVA 93.4% | TANISH PARDESI 92.8% | VANSHIKA 92.8% | MANYA 92.4% | SEHJAL VERMA 91.2% | NIHARIKA 91% | TUSHAR 90.8% | VISHESH GARG 90% | MUKTI YADAV 89.8%

HARSHITA GOYAL 89.2% | ARYAN 88% | VANSHIKA 87.8% | BHAVYA GOYAL 87.6% | CHESHTA 87.4% | ANUJ 86.6% | SHIVAM 86.6% | JIYA 86.2% | SANYA 86% | MILAN CHAWLA 85.2% | RASHI 85%

**Class XII SUBJECT WISE HIGHEST MARKS**

Eco. : 100, Physics : 99, Maths : 99, Phy. Ed. : 99, B. Studies : 99, Chemistry : 99, English : 98, Accountancy : 98, Biology : 98, Comp. Sci. : 98

## SHINING STARS CLASS X

CHANCHAL 96.4% | AANYA SHARMA 96.4% | BHUMIKA 96.4%

RONIT 95.8% | AADESH DHANKHAR 95.6% | GARISHA CHAUDHARY 95.6% | YUVRAJ SINGH 95.4% | MRIDUL 94.4% | PALAK MIGLANI 94% | MANYA 93.8% | SAMIKSHA 93.8% | PRIKSHIT YADAV 93.8% | ANGEL 93.4% | JIHAAN 93.4% | MADHAV 93.4% | SUHANI GUPTA 93.2%

RANANJAY 93.2% | PURAV JAIN 92.8% | NAMAN 92.6% | VINAYA 92.6% | OM GOYAL 92.4% | SHIVAM 92.4% | HARDIK 92.4% | JEEVANSH 92.2% | HIMANSHU 92% | LAKSHAY GARG 92% | AAROHI SINGH 91.8% | MAYANK REDHU 91.6% | ISHIKA 91.6%

MANYA 91.4% | HARSHITA AHUJA 91.4% | CHAYA BANSAL 91.4% | YASHDEEP 91.2% | AVNI CHAUHAN 91% | HARSHITA 90.8% | GUNIKA 90.8% | ISHANYA 90.8% | ASHISH KUMAR MISHRA 90.6% | JIYA SIKKA 90.4% | HARSHIT GARG 90.4% | SWASTIK 90.2% | MOHD. SAMIM MOLLICK 90.2%

RAYANA JAKHAR 89.8% | SALONI 89.6% | YAGYA GOEL 89.4% | SRISHTI 89.4% | NUPUR KANGRA 89.4% | HARSHITA 89.2% | ARUSHI 89.2% | HAVISHA 88.8% | RIYA 88.6% | NAMAN 88.4% | SUHANA 88% | CHHAVI 87.8% | YASHIKA 87.6%

LAVISHA NEGI 87.4% | DIVYASH 87% | BHOOMI GUPTA 86.8% | JIYA 86.6% | KARTIK 86.4% | BHAVYA SONI 86.4% | DIVYANSHI 86.2% | TANISHKA 85.6% | DHARYA MONGIA 85.4% | MAYANK 85.4% | TANISH NAGPAL 85.4% | PARTH TANEJA 85% | SOHIT ROHILLA 85% | ADA ARORA 85%

## ADMISSION OPEN

for Class 11th Science & Commerce Stream

**SPECIAL CONCESSION**

Students Scored 95% and above in class X - No Annual Charges + 50% Tuition Fee Exempted + A set of books free

**90% - 94.8% :** No Annual charges + 35% Tuition Fee Exempted

**85% - 89.8% :** No Annual charges

**Class X SUBJECT WISE HIGHEST MARKS**

Maths : 100, IT : 100, S.Studies : 100, Science : 99, Hindi : 97, English : 96

**ACHIEVEMENT**

**City Topper in JEE Mains - 2025**

Garv - 99.67 percentile
Pratik - 96.21 percentile
Tushar - 93.68 percentile

**Mahant Balak Nath Ji Yogi** President

Ph.: 01262-256267, 250911, 9728256267

sbmnrohtak@gmail.com | www.smpsrohtak.com